जन संपर्क प्रकोष्ठ
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

***जल जीवन मिशन एवं अन्य पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक***

# कार्य निर्धारित समय में पूरे नहीं करने पर जिम्मेदार अभियंताओं के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई — जलदाय मंत्री

जयपुर, 24 अगस्त। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत दिए जाने वाले हर घर जल कनेक्शनों में देरी के लिए अब कोई बहाना नहीं चलेगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अभियंताओं को अपनी परफोर्मेंस सुधारनी होगी। जलदाय मंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृतियों की समस्त प्रक्रियाएं 30 सितम्बर तक पूरी करने एवं 31 दिसम्बर तक कार्यादेश जारी करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तत्परता के साथ जुट जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियंताओं को आपसी समन्वय के साथ निश्चित समयावधि में कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। साथ ही, मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं के कार्य भी तय समय में पूरे करने को कहा।

डॉ. जोशी बुधवार को सचिवालय स्थित उनके कक्ष में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्य अभियंताओं, अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं एवं फील्ड में कार्यरत अभियंताओं को कार्य प्रणाली में सुधार लाने और कार्यों की गति बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए। डॉ. जोशी ने कहा कि जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजना में राजस्थान पहले 29 वें पायदान पर था अब आगे बढ़ने की बजाय पिछड़ रहा है।

## ***हर सप्ताह की कार्य योजना प्रस्तुत करें***

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने हर घर जल कनेक्शन में लगातार कम हो रही संख्या को बढ़ाने के लिए जल जीवन मिशन के मुख्य अभियंता एवं मुख्य अभियंता (विशिष्ट परियोजना) को मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन से जुड़े अभियंताओं को 30 सितम्बर तक की हर सप्ताह की कार्य योजना प्रस्तुत करने तथा हर सप्ताह की प्रोग्रेस रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर जल कनेक्शन के तय लक्ष्य को प्राप्त करने में अब किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। लापरवाह अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ***फील्ड के दौरे करें वरिष्ठ अभियंता***

जलदाय मंत्री ने मुख्य अभियंताओं एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं द्वारा फील्ड के दौरे नहीं करने की शिकायतों को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के फील्ड में जाने से धरातल पर कार्यों की वास्तविकता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि अभियंता निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। डॉ. जोशी ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों एवं वीआईपी पत्रों का निस्तारण भी निर्धारित समय सीमा में करने के निर्देश दिए।

***<u>एसीएस पीएचईडी को दिया फ्री हैण्ड</u>***

जलदाय मंत्री ने विभिन्न पेयजल योजनाओं एवं जल जीवन मिशन के कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल को फ्री हैण्ड देते हुए कहा कि कार्य समय पर पूरे नहीं करने वाले लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत आ रही परफोर्मेंस में कमी हम सभी के लिए चिंता का विषय है। लक्ष्य तय कर हमें अब कदम आगे बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। उन्होंने डॉ. अग्रवाल को जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृतियों में गति लाने को कहा।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा कि मुख्य सचिव की बैठक में दिसम्बर, 2022 तक जल जीवन मिशन के तहत समस्त वर्क ऑर्डर जारी करने का लक्ष्य तय किया गया था लेकिन कई बड़ी परियोजनाओं की अभी तक स्वीकृतियों का काम भी पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वीकृतियां समय पर जारी हों इसके लिए वित्त समिति की बैठक भी हर सप्ताह हो रही है।

बैठक में संयुक्त सचिव श्री रामप्रकाश, उप सचिव श्री गोपाल सिंह, मुख्य अभियंता (जल जीवन मिशन) श्री आर. के. मीना, मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) श्री दिनेश गोयल, मुख्य अभियंता (तकनीकी) श्री दलिप गौड़, वित्तीय सलाहकार श्री केसी कुमावत, जेजेएम के वित्तीय सलाहकार श्री देवाराम शिवरान सहित अन्य अभियंता उपस्थित थे।

----